क्रिकेट
**शनिवार को होगा प्रतियोगिता का फाइनल**

# जबलपुर जिले ने नरसिंहपुर जिले को 29 रनों से हराया



**नवभारत,जबलपुर।** द्वितीय स्व: श्री सी एन सुब्रह्मण्यम स्मृति अंडर 19 वर्षीय बालक वर्ग आमंत्रित चलित ट्रॉफी 2025-26 के अंतर्गत नरसिंहपुर जिला विरूद्ध जबलपुर क्रिकेट क्लब के मध्य खेले गए मैच में जबलपुर क्रिकेट क्लब ने नरसिंहपुर जिले को 29 रनों से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर क्रिकेट क्लब ने 10 विकेट पर 219 रन बनाए।

अमित कुमार ने 54 रनों की पारी में 04 चौके और 04 छक्के शामिल थे वहीं अनुभव सिंग ठाकुर ने तथा देवांग वर्मा ने 32-32 रन, सौरव पंचोली 22 रन बनाए। नरसिंहपुर जिले से विदित सिंग ने 03 विकेट तथा मोहम्मद फैज खान और गौरव जाट ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में नरसिंहपुर जिले ने 10 विकेट पर 190 रन बनाए।

विदित सिंग ने शानदार बल्लेबाजी कर 78 (63) रनों की पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाए , कप्तान सुबीर अरोरा ने 47 (32) रनों की पारी में 04 चौके और तीन छक्के जड़े, मोहम्मद फैज खान ने नाबाद 20 रनों की पारी खेली। जबलपुर क्रिकेट क्लब से कप्तान अनुभव सिंग ठाकुर और अमित ने 3-3 विकेट तथा देवांग शर्मा ने 02 विकेट लिया।

**अम्पायर्स- पवन सिंधिया, अशोक सिंग तथा स्कोरर सिमरन रही**

मैन ऑफ द मैच ओ एफ खमरिया के क्रिकेट तथा टेनिस खिलाड़ी योगेश गोस्वामी द्वारा अमित कुमार (54) को मनोज सिंग ठाकुर, हरीश शर्मा, सी एन कृष्णन, युवराज विश्वकर्मा की उपस्थिति में प्रदान किया गया साथ ही ओ एफ खमरिया के तबेरा बसेरा के इंचार्ज अधिकारी राज कमल रजक को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 30 मई को ओलम्पिक ग्राउंड ईस्ट लैंड खमरिया में प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगा।

# एफ 4, एलपीआर बॉयज और नर्मदा बॉयज की जीत

**स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता**

**नवभारत,जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए तीन रोमांचक मुकाबलों में एफ4 ने एफ1 को, एल. पी. आर. बॉयज ने क्यू. सी. को और नर्मदा बॉयज ने किंग हिटर को हराकर शानदार जीत दर्ज की, जिसके चलते एफ 4 और एल. पी. आर. बॉयज ने फाइनल में और नर्मदा बॉयज ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। इन तीनों कड़े मुकाबलों में विजेता टीमों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिखाया। मैदान पर दर्शकों को तीनों मैचों के दौरान खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली।

पहले मैच में एफ1 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी एफ4 ने निर्धारित 10 ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 129 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें दिनेश ने मात्र 12 गेंदों पर 45 रनों की आतिशी पारी खेली। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एफ1 टीम 10 ओवरों में केवल 74 रन ही बना सकी और एफ 4 ने यह मैच 55 रनों से अपने नाम कर लिया। शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए दिनेश दास को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



दूसरे मैच में क्यू. सी. ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन एल. पी. आर. बॉयज की धारदार गेंदबाजी के आगे वह बिखर गई और 10 ओवरों में मात्र 40 रन ही बना सकी। एल. पी. आर. के गेंदबाज दिनेश ने शानदार स्पेल डालते हुए 2 ओवर में महज 7 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। जवाब में एल. पी. आर. बॉयज ने 6.4 ओवरों में 45 रन बनाकर 6 विकेट से मुकाबला आसानी से जीत लिया। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए दिनेश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

तीसरे मैच में किंग हिटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 80 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदा बॉयज ने बेहद रोमांचक मोड़ पर 9.3 ओवरों में 81 रन बनाकर 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। नर्मदा बॉयज के ऊदल ने 16 गेंदों पर 31 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैचों को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने में आनंद शर्मा, विद्यापति श्रीवास्तव, अनुपम भौमिक, जसवंत रावत, मुकेश मैडी एवं कमलेश तिवारी ने अंपायर की भूमिका निभाई। वहीं, कमेंटेटर की भूमिका सुनील खत्री और ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह ने निभाई। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के अपर महाप्रबंधक कुमार अंबेडकर, चंद्रभान और सरपंच विमलेश कुशवाहा उपस्थित रहे और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस विशेष अवसर पर सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक के पदाधिकारी राकेश रंजन, अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र रजक, महेंद्र रजक, जीवन सिंह, अजीत सक्सेना एवं शिशिर रंजन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# लापरवाही न बरतें, अपराधों का निकाल करो

**अचानक विजय नगर थाने पहुंचे एसपी, हवालात, मालखाना देखा, रजिस्टरों को चैक किया**

**नवभारत,जबलपुर।** महिलाओं, बच्चों, वृद्धों एवं समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशील रहते हुये इनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तत्काल राहत पहुंचाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने अचानक विजय नगर का वार्षिक निरीक्षण करते हुए कहीं। इसके साथ ही उन्होंने मालखाने का निरीक्षण करते हुये जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक किया, साथ ही थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों एवं शिकायत रजिस्टर को चैक किया कि थाने में संधारित कि ये जाने वाले रजिस्टर अपडेट हैं कि नहीं। एसपी ने थाने में दर्ज पराधों की समीक्षा करते हुये लंबित अपराधों के निकाल के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने थाने में मौजूद अधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की यदि कोई समस्या है तो मुझे तत्काल बताएं आपकी समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाये। निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल बी.एस. गोठरिया एवं थाना प्रभारी विजय नगर अनिल पटेल उपस्थित रहे।

# अक्टूबर में महापौर प्रीमियर लीग का होगा10 दिवसीय आयोजन



**क्रिक्रेट मैच के दौरान दिखेगा प्रतिस्पर्धा का बड़ा मुकाबला**

**नवभारत,जबलपुर।** शहर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए एक शानदार पहल की जा रही है। आगामी 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर के बीच स्थानीय रेलवे स्टेडियम में ''महापौर प्रीमियर लीग'' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस 10 दिवसीय खेल महाकुंभ को लेकर सामाजिक संगठनों के साथ आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने एक बैठक की। इस बैठक में नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज सहित सभी संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बैठक के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि इसमें शहर के 8 प्रमुख सामाजिक संगठन क्रमशः जैन प्रीमियर ली के गौरव जैन, पंजाबी प्रीमियर लीग के कौशल सूरी, नितिन भाटिया, सिंधी प्रीमियर लीग के कमल कलवानी, सराफा प्रीमियर लीग के राजा सराफ, ब्राम्हण प्रीमियर लीग के अंकित, चैरसिया प्रीमियर लीग के मनोज चैरसिया, सिख प्रीमियर लीग के चरन जी, एवं अग्रवाल प्रीमियर लीग के मृदल अग्रवाल ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई हैं। प्रत्येक संगठन द्वारा खेल के मैदान में 2-2 टीमें उतारी जाएंगी। इस तरह कुल 16 टीमें खिताब के लिए आपस में भिड़ेंगी। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का मंच बनेगा, बल्कि विभिन्न सामाजिक संगठनों के बीच आपसी तालमेल और भाईचारे को भी नया आयाम देगा।

**विजेता टीम को मिलेंगे 1 लाख 21 हजार**

महापौर ने बताया कि 10 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में क्रिकेट प्रेमियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा और रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। इससे संबंधित जो भी निर्णय लिये जायेगें समिति के सदस्यों की एक समिति बनाई जायेगी और उस समिति के सदस्यों द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार ही कार्य किये जायेगें। महापौर के अनुसार विजेता टीम को 1 लाख 21 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा उपविजेता और व्यक्तिगत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भी आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। मैचों का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित रेलवे स्टेडियम में किया जाएगा, जहाँ दर्शकों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## जबलपुर स्टेशन में घूमती मिली नाबालिका

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में एक बालिका घूमती हुई पाई जिसे जीआरपी जबलपुर ने अपने संरक्षण में लेकर परिजनों को सूचित किया। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य रेलवे स्टेशन में एक नाबालिक लड़की प्लेटफार्म से दस्तयाब हुई जिसे थाने लाकर पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ की नाबालिका के गुमने का अपराध थाना बरसोबा मुंबई में दर्ज है। जिसके बाद जीआरपी जबलपुर ने बालिका के परिजनों को सूचित कर बालिका को उनके हवाले किया गया।

# जबलपुर रेल मंडल के 24 कर्मी होंगे सेवानिवृत्त



**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में 31 मई को कुल 24 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में 29 मई शुक्रवार को सामान्य सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया ।इस समारोह में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा द्वारा इस माह सेवानिवृत्त हो रहे समस्त रेलकर्मियों को सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज प्रदान किए गए तथा उनके उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएँ दी गईं। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में गणेश सिंह, प्रहलाद कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, ओमप्रकाश वर्मा, विनोद कुमार, शैलेन्द्र कुमार प्यासी, रेवाशंकर, सकीर खान, संजीव कुमार भट्ट सहित अन्य रेलकर्मी शामिल रहे।

# सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर दो नाव जब्त

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले में संचालित नौका विहार स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर राखी सहाय के निर्देश पर चलाए जा रहे औचक निरीक्षण अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर हरनीत कौर कलसी ने ग्राम झाल क्षेत्र स्थित सोन नदी घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोन नदी के किनारे स्थित झाल घाट तथा विजयसोता के बीच संचालित नावों की जांच की गई। इस दौरान दो नावों में सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन पाया गया। नाव चालक राम विशाल केवट निवासी विजयसोता तथा रनुआ केवट निवासी झाल द्वारा बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के नाव संचालन किया जा रहा था। जांच में पाया गया कि नावों में लाइफ जैकेट, लाइफ रिंग सहित अन्य आवश्यक जीवन रक्षक उपकरण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं थे।

# तीनों मंडल एवं दो कारखानों से 107 रेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त

**नवभारत, जबलपुर ।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत उप मुख्य परिचालन प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता एवं तीन अन्य कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 107 रेलकर्मी शुक्रवार 29 मई को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 29 मई को अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रधान वित्त सलाहकार मनजीत कौर, मुख्य यातायात योजना प्रबंधक राजेश दत्त बाजपेई, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) रश्मि बघेल एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (औ. सं.) अजय कुमार दीक्षित द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता एवं कर्मचारी में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक सुरेश कुमार, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक त्रिभुवन सिंह एवं ऑफिस असिस्टेंट गीता देवी के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज प्रदान किये।


**सार्वजनिक सूचना**

ब्रोमाइड चेमिकल्स, करमेता पार्टनर स्नेह लता विश्वकर्मा 31/12/2025 से संस्था का विघटन करते हुए, अपने को अलग कर लिया है, अत: संस्था असंबैधानिक हो चुकी है, एवं संस्था अपना कारोबार मार्च 27 . 2026 से पूरी से कार्य बंद कर चुकी है, अतएवं सभी से अनुरोध है की संस्था का बकाया ब्रोमाइड के UBI No. 5717010 10050371 में डाले नगदी से बचे।



**बेदखली की आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार विनोद कुमार पाण्डेय पिता स्व. सोनेलाल पाण्डेय उम्र लगभग 66 वर्ष निवासी-605, पुरानी जगदम्बा कॉलोनी, अहिंसा चौक, विजय नगर, जिला जबलपुर (म.प्र.) की ओर से अधिकृत होकर यह बेदखली की आम सूचना दे रहा हूँ यह कि मेरे पक्षकार विनोद कुमार पाण्डेय के पुत्र हिमांशु पाण्डेय एवं पुत्रवधु तंजिशा पाण्डेय से मेरे पक्षकार विनोद कुमार पाण्डेय का कोई लेना-देना नही है मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र हिमांशु पाण्डेय को संपूर्ण चल एवं अचल संपत्ति से एवं अधिकारों से वंचित कर दिया है, यदि कोई व्यक्ति, वित्तीय संस्था व अन्य संस्थान किसी भी तरह से कोई सम्व्यवहार हिमांशु पाण्डेय से करता है तो मेरे पक्षकार को कोई लेना-देना नही है न ही उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मेरा पक्षकार जिम्मेदार होगा। आज दिनांक को यह बेदखली की आम सूचना प्रकाशित करता हूँ जो सनद रहे वक्त जरूरत पर काम आवे कि मेरे पक्षकार ने विषयांगत व्यक्ति को संपत्ति से बेदखल कर दिया हैं। जबलपुर दिनांक 30.05.2026 भवदीय-

**जितेंद्र अवस्थी एड.**
ऑ. नि.- पुराना कंचनपुर मान्या, गार्डन के पास अधारताल जबलपुर
मो. -9300177270
वास्ते- विनोद कुमार पाण्डेय


## भीषण गर्मी में बिजली खेल रही आंख-मिचौली

**नौरोजाबाद।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच करकेली वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले सस्तरा, स्टेशन, बड़ागांव, निपनियाँ, देवगवां, बंधवाटोला, साल्हेटोला के ग्रामीण बिजली की आंख-मिचौली से बेहाल हैं। तापमान 44 डिग्री पार कर चुका है, लेकिन बिजली दिनभर में 8 से 10 घंटे गायब रह रही है। रात में भी 3-4 बार लाइट जाने से लोगों की नींद उड़ गई है। गर्मी से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों का हाल बेहाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली गुल होने पर करकेली वितरण केंद्र के जेई को फोन लगाया जाता है तो वे फोन ही नहीं उठाते। कई बार फोन बंद आता है। मजबूरी में लोगों को 15-20 किमी दूर करकेली ऑफिस जाना पड़ता है। सस्तरा के ग्रामीण रामलाल ने बताया कि रात 1 बजे लाइट गई तो जेई को 10 बार फोन लगाया, लेकिन रिस्पांस नहीं मिला। सुबह तक अंधेरे में बैठे रहे।


**O/o SUPERINTENDING ENGINEER CITY CIRCLE**
**M.P.POORV KSHETRA VIDYUT VITRAN CO.LTD. JABALPUR**
CIN:U40109MP2002SGC015120, GST:23AADCM6175E2ZM Ph.- 0761-2621784 email-secityjabalpur@gmail.com
1912
No. SE/CCJ/PUR/NIT/2026-27/785 ONLINE TENDER Jabalpur Dt. 20/05/2026
Online tenders are invited for following items: -

| Sr. No. | T.S. No. (For e- Tendering) | NAME OF ITEMS | APPROX. VALUE (Rs. in Lakhs) | TENDER FEE (in Rs) | Due date & time of Opening of Tender online from (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (E-Tender No.EE/CDW/JBP /26-27/TS-01/263 2026_PKVVC_507970_1) Dt. 13.05.2026 | Hiring of 01 no. Light motor vehicle Jeep Bolero/Sumo or equivalent Latest Model for office of EE (CDW) MPPKVVCL, Jabalpur. | 9.00 | 1180/- | 04.04.2026 11:00 AM. |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in Cover-1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the key dates.
For other details visit Company's website:- www.mpez.co.in or http://mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW.
"विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं 50,000 तक का इनाम !"
SUPERINTENDING ENGINEER(CCJ)
M.P.P.K.V.V.C.Ltd.: JABALPUR



पंजीयन क्रं. जे.आर./जे.बी.पी./09 कार्यालय : 0761-2610560
आरबीआई लाइसेन्स : यू.बी.डी./म.प्र./1331/पी. अध्यक्ष निवास : 7987281175

**जबलपुर महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, जबलपुर**
611/175, निवाड़गंज, पाण्डेय चौक, महात्मा गांधी वार्ड, जबलपुर

| | | |
|---|---|---|
| JABALPUR MAHILA NAGARIK SAHAKARI BANK MARYADIT JABALPUR BRANCH | Recovery Centre Baldeobag Pandey Chowk Jabalpur | Tel. Email. |

Speed post / Regd. AD/By Hand
Date:-25-05-2026

Smt. Neelam Sahu W/o Neeraj Sahu
Add. 518 Jagdish Mandir Garh Fathak
Kasturba Gandhi Ward Jabalpur

Neeraj Sahu S/o Vishnu Prasad Sahu
Add. 518 Jagdish Mandir Garh Fathak
Kasturba Gandhi Ward Jabalpur

Dear sir / Madam

NOTICE U/S 13 (2) Of the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest ACT 2002
Reg: Account NO -152 Term loan Facilities availed by Smt. Neelam Sahu W/o Neeraj Sahu and Neeraj Sahu S/o Vishnu Prasad Sahu Smt. Smt. Neelam Sahu W/o Neeraj Sahu Add. 518 Jagdish Mandir Garh Fathak Kasturba Gandhi Ward Jabalpur (M.P.) has availed the following credit facilities from our Bo: Jabalpur

| S.N. | Facility | Limit | Rate of Interest | Balance outstanding as on date of NPA (30/09/2025) (i.e Prinicpal +int.) | Interest (w.e.f 30/09/2025(date NPA) to 25/05/2026 (date of notice) | Total outstanding as on date of issuance of notice |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Term Loan | 12,50,000/- | 14% | 10,24,525/- | 14% Amount of 10,24,525.00+ Penalty | 14% Amount of 10,24,525.00+ Further Int. & penalty |
| | | | Total | 10,24,525/- | | |

Due of non Payment of installment /interest/ principal debt, the account/s has/have been classified as Non performing Asset as per Reserve Bank of India guidelines. We hereby demand/ recall the entire outstanding together with interest and other charges due under the above facilities.
The amount due to the Bank as on 25/05/2026 is Rs 10,24,525+14% int. & penalty /- (Ten lakes Twenty Four thousand Five hundred Twenty Five Rupees + Fourteen% int. & penalty only) with further interest until payment in full (hereinafter referred to as "Secured debt").
To secure the outstanding under the above said facilities, you have, inter alia, created security interest in respect of the following properties/assets;

| S.N. | Facility | Security |
|---|---|---|
| 1. | Term Loan | Residential Property at Mouza JDA Scheem no 11 Face 2 Plt no E 35 Area 36 VM (387.500 SQft) Shatabdi puram Jabalpur |

We hereby call upon you to pay the amount Rs 10,24,525+14% int. & penalty /- ((Ten lakes Twenty Four thousand Five hundred Twenty Five Rupees only) with further interest & Penalty at the contracted rate until payment in full within 60 days (Sixty days) from the date of this notice. In default, besides exercising other rights of the Bank as available under Law, the Bank is intending to exercise any or all of the powers as provided under section 13(4) of the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act 2002 (hereinafter referred to as the Act"). The details of the secured asset/s intended to be enforced by the Bank, in the event of non payment of secured debt by you are as under.
Residential Property at Residential Property at Mouza JDA Scheem no 11 Face 2 Plt no E 35 Area 36 VM (387.500 SQft) Shatabdi puram Jabalpur
Your attention is hereby drawn invited to provisions of sub section (8) of section 13 of the Act in respect of time available to you to redeem the secured assets.
Pleases take notice that in terms of section 13(13) of the said Act, you shall not, after receipt of this notice, transfer by way of sale, lease or otherwise (other than in the ordinary course of business any of the secured assets above referred to without prior written, consent of the Bank. Your are also put on notice that any contravention of this statutory injunction/restraint as, provided under the said Act, is an offence if for any reason the secured assets are sold or leased out in the ordinary course of business, the sale proceeds or income realized shall be deposited/reemitted with/to the Bank. You will have to render proper account of such realization/income.
"We reserve our rights to enforce other secured assets.
Please comply with this demand under this notice and avoid all unpleasantness. In case of non-compliance, further needful action will be resorted to, holding you liable for all costs and consequences.
* This notice is issued without prejudice to the bank taking legal action before DRT/Court, as the case may be.

Your Faithfully,
For JABALPUR MAHILA NAGARIK SAHAKARI BANK MARYADIT JABALPUR

Sangeeta upadhyaya
C.E.O.Authorized Officer
Secured Creditor